सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी

16 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं, 46.3 लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल, सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन और प्रवेश परीक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई डेटशीट

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2027 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। दोनों की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। दसवीं की शुरुआत पेंटिंग विषय से होगी। समापन 9 मार्च को होगा। जबकि बाहरवीं की पहली परीक्षा फिजिक्स की होगी और 9 अप्रैल को परीक्षाएं समाप्त होंगी। बोर्ड ने इस बार परीक्षा शुरू होने से 101 दिन पहले डेटशीट जारी की है, ताकि विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। सभी परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे शुरू होंगी। सीबीएसई के अनुसार, कक्षा 10वीं में 83 विषयों और कक्षा 12वीं में 121 विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस बार कक्षा 10वीं के 26.5 लाख से अधिक और कक्षा 12वीं के 19.8 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है।

10वीं की डेटशीट

तारीख	समय	विषय
16 फरवरी	10:30 से 12:30 बज	चित्रकला
17 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	गणित (बेसिक और स्टैंडर्ड)
19 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	गृह विज्ञान
20 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	बिजनेस के तत्व, उर्दू कोर्स-बी
22 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	विज्ञान
23 फरवरी	10:30 से 12:30 बजे	पर्यटन का परिचय
24 फरवरी	10:30 से 12:30 बजे	कंप्यूटर एप्लीकेशन, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
26 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव), अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर)
27 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	सिंधी, मलयालम, ओड़िया, असमिया, कन्नड़, नेपाली, कोकबोरोक
1 मार्च	10:30 से 1:30 बज	अरबी, संस्कृत, गई, गुरूंग, तामांग, शेरपा
2 मार्च	10:30 से 12:30 बजे	फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर
3 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	हिंदी कोर्स-ए और हिंदी कोर्स-बी
4 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	उर्दू कोर्स-ए, पंजाबी, बंगाली, तमिल, मराठी, गुजराती, मणिपुरी, तेलुगु-तेलंगाना
5 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	तेलुगु, रूसी, फारसी, लिम्बू, लेप्चा
5 मार्च	10:30 से 12:30 बजे	कर्नाटक संगीत और हिंदुस्तानी संगीत के विषय
6 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	फ्रेंच
8 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	सामाजिक विज्ञान

12वीं की डेटशीट

तारीख	समय	विषय
16 फरवरी	10:30 से 1:30 बज	भौतिक विज्ञान
23 फरवरी	10:30 से 1:30 बजे	अकाउंटेंसी
25 फरवरी	10:30 से 1:30 बज	भूगोल
27 फरवरी	10:30 से 1:30 बज	रसायन विज्ञान
2 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	मनोविज्ञान
4 मार्च	10:30 से 12:30 बजे	योग
5 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	अंग्रेजी कोर और अंग्रेजी इलेक्टिव
9 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	गणित और एप्लाइड गणित
13 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	हिंदी कोर और हिंदी इलेक्टिव
16 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	अर्थशास्त्र
19 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	राजनीति विज्ञान
20 मार्च	10:30 से 12:30 बजे	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
25 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	जीव विज्ञान
27 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	इतिहास
30 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	समाजशास्त्र
31 मार्च	10:30 से 1:30 बजे	कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस, सूचना प्रौद्योगिकी



ब्लॉकबस्टर फिल्म, रामायण रिलीज़ हुई!

अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को उत्तराखंड गौरव पुरस्कार

शिक्षा व पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए किया गया सम्मानित

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार और कुमाऊं विवि के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व लेखक डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को उत्तराखंड राज्य गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा व पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रशस्ति पत्र और एक लाख की राशि प्रदान की।

डॉ. तिवारी को हाल में केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में उनकी पुस्तक 'अतीत से वर्तमान तक : नैनीताल का सफर और गांधिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा' के लिए प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव सम्मान प्रदान किया गया था। उन्होंने हिंदी लेखन, पत्रकारिता और हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए अमेरिका, हंगरी और मॉरीशस के भारतीय दूतावासों, थाईलैंड, सिंगापुर की प्रतिष्ठित संस्थाओं और विश्वविद्यालयों सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की ओर से भी पुरस्कृत हो चुके हैं। पत्रकारिता पर वे तीन पुस्तकें लिख चुके हैं, जिनमें एक का विमोचन मॉरीशस के राष्ट्रपति ने वहां के राष्ट्रपति भवन में किया था। उनके दो दर्जन शोध पत्र और एक हजार से ज्यादा लेख भी प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें उत्तराखंड रत्न, राज्य सूचना आयोग से आरटीआई अवार्ड, अंतरराष्ट्रीय भारत सम्मान अचीवर्स अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। ब्यूरो


अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार गिरीश रंजन तिवाड़ी को सम्मानित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। संवाद

भारत में बनी मर्सिडीज-बेंज इलेक्ट्रिक जीएलसी लॉन्च



पुणे। लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपने चाकण (पुणे) संयंत्र में ऑल-न्यू इलेक्ट्रिक जीएलसी 400 4मैटिक का स्थानीय उत्पादन शुरू कर दिया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार की उपस्थिति में पहले मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक जीएलसी को असेंबली लाइन से रोल-आउट किया गया। यह भारत में मर्सिडीज-बेंज की पहली स्थानीय रूप से निर्मित इलेक्ट्रिक एसयूवी है। पुणे संयंत्र अब जर्मनी के ब्रेमेन प्लांट के बाद इस मॉडल का उत्पादन करने वाला दूसरा वैश्विक केंद्र बन गया है। कंपनी वर्ष 2026 में अपने विनिर्माण संचालन और डिजिटलीकरण को मजबूत करने के लिए 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इसके साथ ही भारत में कंपनी का कुल निवेश बढ़कर 3,200 करोड़ रुपये हो जाएगा। इलेक्ट्रिक जीएलसी 400 4मैटिक की एक्स-शोरूम कीमत 78.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी नवंबर 2026 के मध्य से शुरू की जाएगी। ग्राहकों को देशभर में 22,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स और 2,500 किलोवाट-घंटा तक कॉम्प्लिमेंट्री चार्जिंग क्रेडिट (मुफ्त रीचार्ज) की सुविधा मिलेगी। एजेंसी

केजीएमयू के 13 डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए बनेगी अनुशासनात्मक कमेटी

केजीएमयू कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय, धर्मांतरण मामले में एसटीएफ की रिपोर्ट की गई पेश

लखनऊ। एसटीएफ की रिपोर्ट में नामजद केजीएमयू के 13 डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति गठित करने का फैसला लिया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद की बैठक में धर्मांतरण और डॉ. रमीज प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की गई।

प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि बैठक में 30 अक्तूबर को भेजी गई एसटीएफ की रिपोर्ट पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। शुरुआत में कुलसचिव ने रिपोर्ट के सभी बिंदुओं को कार्यपरिषद के सामने रखा। साथ ही संबंधित फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों की ओर से दिए गए प्रत्यावेदनों को भी सुना गया। सदस्यों ने इन पर सुझाव रखे। सभी पक्षों को सुनने के बाद कार्यपरिषद ने तय किया कि प्रत्यावेदनों को संबंधित विभागीय समितियों के सामने भी रखा जाएगा, जहां तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर उनका परीक्षण होगा। ब्यूरो

अवैध मजार हटाने से आक्रोशित थे कट्टरपंथी

लखनऊ। केजीएमयू में धर्मांतरण के आरोपों की जांच के बीच परिसर से अवैध मजारें हटाने की कार्रवाई भी चर्चा में आ गई है। कुछ माह पहले विश्वविद्यालय परिसर में अतिक्रमण विरोध अभियान में कई मजारें हटाई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक इस कार्रवाई से कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ लोग नाराज थे। ब्यूरो

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

SC & OBC उम्मीदवारों के लिए निःशुल्क UPSC/HCS कोचिंग

डॉ. अम्बेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (DACE), हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ द्वारा SC और OBC उम्मीदवारों से सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित सभी उम्मीदवारों को प्रति माह रुपए 4,000 का वजीफा (Stipend) भी दिया जाएगा। योजना से संम्बंधित जानकारी वेबसाइट (https://www.cuh.ac.in) पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 है।

Scan to Apply

कार्यक्रम समन्वयक, DACE

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापुर
जाहीर ई निविदा सूचना क्र.१/२०२६-२०२७

पाणी पुरवठा विभागाकडील सर्वसाधारण जिल्हा वार्षिक योजना अंतर्गत आमदार स्थानिक निधी सन २०२६-२७ देखभाल दुरुस्तीच्या कामांची जाहीर ई निविदा क्रं.१/२०२६-२७ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि.७/११/२०२६ रोजी स.११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
अति. आयुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक / प्रभारित चल सम्पत्ति का **बैंक ऑफ इण्डिया** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है। बन्धक सम्पत्ति की बिक्री **'जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है, दायित्व रहित'** के आधार पर की जायेगी।

ई-एमडी/दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि-25.11.2026, सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 26.11.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी / जमानतकर्ता का नाम व पता / देय राशि	वाहन का विवरण	निर्धारित आरक्षित मूल्य / अंतिम धरोहि (ई)
शाखाः आस्ति वसूली शाखा, लखनऊ, गोः 9415389015			
1.	श्री अजय सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह, नैपुरा, जंसा, पोस्ट–जंसा बाजार, वाराणसी, उ. प्र.–221405 ₹ 40,71,398.53 +एनपीए दिनांक 14.11.2025 से लागू ब्याज एवं अन्य खर्च	पंजीकरण सं. BR-24-GC-9472, पंजीकरण दिनांक–15.06.2024, मेक–आयशर ट्रक, मॉडल–आयशर प्रो 6055 / 1टएक्पी टीटी ई सीबीसी बीएस–VI, इंजन सं. VEDX8*643380*K6*P, चेसिस सं. MC2BUERCOPK105475	₹ 18,30,000/- ₹ 1,83,000/-
2.	1. मेसर्स प्रभाकर ट्रेडर्स, प्रोपराइटर श्री प्रभाकर रॉय, मकान संख्या 719 के, ग्राम– परासी, पश्चिम– परासी, अगरपा, भीसुन, सोनभद्र– 231220 2. श्री प्रभाकर रॉय, मकान संख्या 719 के, ग्राम– परासी, पश्चिम– परासी, अगरपा, भीसुन, सोनभद्र– 231220 ₹ 36,28,853.85 +एनपीए दिनांक 28.08.2025 से लागू ब्याज एवं अन्य खर्च	पंजीकरण सं. CG 15 EB 7217, पंजीकरण दिनांक–30.10.2023, मेक–अशोक लेलैंड, मॉडल–एनएल5525एस/34 टीटीसीसी (ट्रिप ट्रेलर), इंजन सं. PFPZ506560, चेसिस सं. MB1T2VLDXPPFX5450	₹ 13,94,000/- ₹ 1,39,400/-

1. बिक्री के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **https:www.bankofindia.bank.in/e-auction.htm** एवं **www.baanknet.com** ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट–**www.baanknet.com** में दिए गए लिंक को देखें। साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से ऊपर दिए गए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सम्पत्ति की बिक्री 'जहाँ है, जैसे है' व 'जो है, जैसे है' के आधार पर होगी। 3. सफल बोलीकर्ता को नियमानुसार देय खर्च / शुल्क जैसे स्टैम्प शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क इत्यादि स्वयं वहन करना होगा। 4. **विक्रय की जाने वाली वस्तुओं पर किसी भी प्रकार के कर तथा किसी भी प्रकार के सरकारी अथवा अन्य बकाये हेतु प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।** 5. **बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने अथवा बोली को निरस्त / स्थगित करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास आरक्षित है।** 6. इच्छुक निविदाकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया से अनुमति लेकर दिनांक 07.11.2026 से 24.11.2026** तक **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे** के मध्य कर सकते हैं। किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी के लिये प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया अस्ति वसूली विभाग, 'स्टार हॉउस' विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से सम्पर्क करें। 7. क्रेता को वाहन बैंक के परिसर से पूरा पैसा जमा करने की तिथि से 5 दिन के अन्दर उठाना होगा, अन्यथा रूपये 500 /– प्रतिदिन की दर से किराया वसूला जायेगा। 8. परिवहन विभाग में वाहन के हस्तान्तरण / पंजीकरण / संबंधी तथा अन्य कार्य व उनका भुगतान क्रेता को स्वयं वहन करना होगा तथा वाहन पर अन्य भार का भुगतान व बीमा राशि भी क्रेता को ही वहन करना होगा। 9. यह प्रकाशन सम्बन्धित सम्पत्तियों के **उधारकर्ता, बंधककर्ता अथवा जमानतदार** हेतु उपरोक्त सम्पत्तियों पर बकाया देय राशि का पूरा भुगतान न होने की दशा में उल्लिखित तिथि से **15 वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना**

ऋणी / जमानतकर्ता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी की तारीख से पहले उपरोल्लेखित राशि के साथ ब्याज एवं सहायक खर्चों का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति / वाहन की नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर ली जाएगी ब्याज एवं लागत सहित।

दिनांकः 05.11.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

कक्षा नौ-दस के छात्रों का भी जारी होगा समग्र प्रगति पत्र

माध्यमिक शिक्षा विभाग करेगा युवाओं का 360 डिग्री मूल्यांकन

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अब कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों को भी समग्र (होलिस्टिक) रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इसके तहत छात्रों का सालभर 360 डिग्री सतत मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें पढ़ाई के साथ उनके व्यवहार, रचनात्मकता, व्यावहारिक कौशल, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का भी आकलन होगा।

राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देश के मुताबिक, विद्यार्थियों को 12 पृष्ठों का समग्र रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इसमें अंकों के बजाय ग्रेड के माध्यम से उन की क्षमताओं और प्रगति का मूल्यांकन होगा। यह रिपोर्ट कार्ड हाईस्कूल की मार्कशीट से अलग स्कूल स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

रिपोर्ट कार्ड को तीन भागों में बांटा गया है। पहले भाग में विद्यालय, विद्यार्थी और अभिभावक का विवरण, शारीरिक वृद्धि, पोषण और बुनियादी स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी होगी। दूसरे भाग में विद्यार्थी का 360 डिग्री मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें स्व-मूल्यांकन, समय प्रबंधन, आत्मचिंतन, सहपाठी और शिक्षक का आकलन तथा जीवनशैली से जुड़े संकेतक शामिल होंगे। इसके अलावा खेलकूद, कला, संगीत, योग, करियर संबंधी रुचि, सामाजिक कार्यों और व्यावसायिक कौशल में विद्यार्थियों की सहभागिता भी दर्ज की जाएगी।

समस्या समाधान, रचनात्मकता, सहयोग और तार्किक चिंतन जैसे कौशलों को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया है। तीसरे भाग में विषयवार शैक्षिक प्रदर्शन, आंतरिक मूल्यांकन, प्रयोगात्मक कार्य, उपस्थिति और अभिभावक-शिक्षक संवाद का विवरण होगा। रिपोर्ट कार्ड के पहले पृष्ठ पर क्यूआर कोड भी दिया जाएगा, जिसके माध्यम से इससे संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

एम-एस-एन ग्रेडिंग से होगा मूल्यांकन

विद्यार्थियों का आकलन एम-एस-एन ग्रेडिंग के आधार पर होगा। इसमें एम यानी मोस्टली (अधिकांशतः), एस यानी समटाइम और एन यानी नीड इम्प्रूवमेंट (सुधार की आवश्यकता) शामिल हैं। इससे विद्यार्थियों की उपलब्धियों के साथ उन क्षेत्रों की भी पहचान होगी, जहां उन्हें सुधार की जरूरत है। इस व्यवस्था के माध्यम से अभिभावकों को भी बच्चों की शैक्षिक प्रगति, क्षमताओं और कमियों की जानकारी मिलेगी। ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय

सिर्फ ख़रीदारी नहीं
सुरक्षित ख़रीदारी करें
आज आपका सही चुनाव,
कल आपके और आपके परिवार की सुरक्षा

IS XXXX — भारतीय मानक नंबर
CM/L XXXXXXXXXX

उत्पाद पर निर्माता का 10 अंकों का लाइसेंस नंबर होना अनिवार्य है।

नकली आईएसआई चिह्न से सावधान रहें!

CBC 08103/13/0005/2627



उत्पाद पर क्वालिटी मार्क की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए बीआईएस केयर ऐप को डाउनलोड करें
उत्पाद या उसकी पैकेजिंग पर आईएसआई चिह्न के ठीक नीचे या बराबर में CM/L नंबर या 10 अंकों का लाइसेंस नंबर ज़रूर देखें।
हमें फॉलो करें @Indianstandards

Google Play App Store

जोड़ो के दर्द की बेजोड़ दवा
डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल



8 गुणकारी सत्वों के योग से निर्मित डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल एक अभूतपूर्व औषधि है, जोकि पुराने बिगड़े दर्द के उपचार में विशेष सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है और यह शरीर को एक्टिव व फिट रखने में भी मदद करता है।

Dr. Junejo's डा. ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

24x7 Helpline: 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores